

Current Affairs

+

Important Static GK

कल का सवाल

Q. नवरोज किस धर्म के लोगों का त्यौहार है?

Answer: पारसी लोगों का नववर्ष

Current Affairs Revision

(21 October 2024)

Q. 1: हाल ही में, 'कर्मयोगी सप्ताह' - राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का शुभारंभ कहाँ किया गया? Recently, where was 'Karmayogi Saptah' – National Learning Week launched?

a. मुंबई

b. बेंगलुरु

c. नई दिल्ली

d. चेन्नई

Answer: c. नई दिल्ली

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में 'कर्मयोगी सप्ताह' - राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह (Karmayogi Saptah - National Learning Week) का शुभारंभ किया।

यह 19 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक चलेगा

लक्ष्य: सरकारी कर्मचारियों की व्यक्तिगत और संगठनात्मक क्षमता (Personal And Organisational Capacity) को बढ़ाना

Q. 2: हाल ही में राष्ट्रीय महिला आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया? Recently, who was appointed as the Chairperson of the National Commission for Women?

a. रेखा शर्मा

b. विजया किशोर रहाटकर

c. नल्लाथम्बी कलाईसेल्वी

d. मीनाक्षी लेखी

Answer: b. विजया किशोर रहाटकर

हाल ही में विजया किशोर रहाटकर (Vijaya Kishore Rahatkar) को राष्ट्रीय महिला आयोग (National Commission for Women - NCW) के 9वें अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है

उन्हें अध्यक्ष के पद पर तीन साल या 65 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो) के लिए नियुक्त किया गया है।

Q. 3: हाल ही में 9000 टेस्ट रन बनाने वाले चौथे भारतीय क्रिकेटर कौन बने हैं? Recently, who has become the fourth Indian cricketer to score 9000 Test runs?

a. रोहित शर्मा

b. आर आश्विन

c. विराट कोहली

d. महेंद्र सिंह धोनी

Answer: c. विराट कोहली

उनसे पहले यह उपलब्धि सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ ने हासिल की है

कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार 50+ रन बनाने वाले दूसरे क्रिकेटर बने।

पहले स्थान पर - सचिन तेंदुलकर

Q. 4: 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया जाएगा? Where will the 16th BRICS summit be held?

a. भारत

b. दक्षिण अफ्रीका

c. रूस

d. ब्राजील

Answer: c. रूस

16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन (16th BRICS Summit) का आयोजन 22-23 अक्टूबर 2024 को कजान, रूस (Kazan, Russia) में किया जाएगा

इस वर्ष ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता रूस कर रहा है

इसमें भारत का प्रतिनिधित्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे

16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की थीम - न्यायसंगत वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना (Strengthening multilateralism for equitable global growth and security)

हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान (Highest Civilian Honour) 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल' (Order of St. Andrew the Apostle) से भी सम्मानित किया गया था

Q. 5: हाल ही में भारत की विमानन विरासत को प्रदर्शित करने वाले 'विमानन पार्क' का उद्घाटन कहाँ किया गया है? Recently, where has the 'Aviation Park' been inaugurated, showcasing India's aviation heritage?

a. इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

b. कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

c. नागरिक उड्डयन मंत्रालय परिसर

d. चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डा



Answer: c. नागरिक उड्डयन मंत्रालय परिसर

हाल ही में नागरिक उड्डयन मंत्रालय के परिसर (Ministry of Civil Aviation premises) में नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू के नेतृत्व में विमानन पार्क (Aviation Park) का उद्घाटन किया गया

यह विमानों के विकास और भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र की वृद्धि को दर्शाता है

Q. 6: हाल ही में सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2024 का आयोजन कहाँ किया जा रहा है? Recently, where is the Sultan of Johor Cup 2024 being organized?

a. भारत

b. मलेशिया

c. सिंगापुर

d. पाकिस्तान

Answer: b. मलेशिया

हाल ही में 19-26 अक्टूबर तक 12वें सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2024 (12th Sultan of Johor Cup 2024) का आयोजन मलेशिया में किया जा रहा है

इस कप की शुरुआत वर्ष 2011 में हुई थी।

प्रतिवर्ष मलेशिया सुल्तान जोहोर कप की मेजबानी करता है. यह अंडर-21 अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट है

Q. 7: हाल ही में, 2024 का वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) रिपोर्ट के अनुसार अत्यंत गरीबों की संख्या में कौन सा देश शीर्ष पर है? Recently, according to the 2024 Global Multidimensional Poverty Index (MPI) report, which country tops the number of extremely poor?

a. भारत

b. पाकिस्तान

c. बांग्लादेश

d. नेपाल

Answer: a. भारत

हाल ही में 2024 की वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (2024 Multidimensional Poverty Index - MPI) रिपोर्ट के अनुसार लगभग 1.1 बिलियन लोग गंभीर बहुआयामी गरीबी में जी रहे हैं

पहला स्थान - भारत में (सबसे अधिक 234 मिलियन लोग)

दूसरा स्थान - पाकिस्तान (93 मिलियन)

Q. 8: हाल ही में 2024 पैट्रिक जे. मैकगवर्न पुरस्कार के इंडिया लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया? Recently, who was awarded the 2024 Patrick J. McGovern Award India Lifetime Achievement Award?

a. शांतनु नारायण

b. नारायण मूर्ति

c. रतन टाटा

d. अभिनव अस्थाना

Answer: b. नारायण मूर्ति

शांतनु नारायण (Adobe के अध्यक्ष और CEO) - ग्लोबल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (Global Lifetime Achievement Award)

Q. 9: कर्नाटक के सभी अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों और रायचूर विश्वविद्यालय का नाम बदलकर किसके नाम पर रखा जाएगा? All Scheduled Tribe residential schools and Raichur University in Karnataka will be renamed after whom?

a. महर्षि दयानंद

b. महर्षि वाल्मीकि

c. महर्षि अरविंद

d. महर्षि चाणक्य

Answer: b. महर्षि वाल्मीकि

महर्षि वाल्मीकि रामायण के रचियता हैं

Q. 10: हाल ही में 2024 WR शतरंज मास्टर्स कप किसने जीता? Recently, who won the 2024 WR Chess Masters Cup?

a. आर. प्रज्ञानानंद

b. निहाल सरीन

c. अर्जुन एरिगैसी

d. विदित गुजराती

Answer: c. अर्जुन एरिगैसी

2024 WR शतरंज मास्टर्स कप का आयोजन लन्दन में किया गया

Q. 11: हाल ही में भारत के 51 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसे चुना गया है? Recently, who has been elected as the 51st Chief Justice of India?

a. जस्टिस दीपक मिश्रा

b. जस्टिस संजीव खन्ना

c. जस्टिस एनवी रमना

d. जस्टिस आर.एफ. नरीमन

Answer: b. जस्टिस संजीव खन्ना



11 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना (Justice Sanjiv Khanna) भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश (51st Chief Justice of India) के रूप में शपथ लेंगे।

वह चीफ जस्टिस DY चंद्रचूड़ का स्थान लेंगे

जस्टिस संजीव खन्ना का मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यकाल 11 नवंबर से 13 मई 2025 तक का होगा।

Current Affairs
(22 October 2024)

Q. 1: हाल ही में, अंतर्राष्ट्रीय वायु यातायात नियंत्रक दिवस कब मनाया गया? Recently, when was International Air Traffic Controller Day celebrated?

a. 15 अक्टूबर
b. 18 अक्टूबर
c. 20 अक्टूबर
d. 22 अक्टूबर

Answer: c. 20 अक्टूबर

उद्देश्य: हवाई यातायात नियंत्रकों (Air Traffic Controllers), जो हवाई यात्रा को परिवहन का सबसे सुरक्षित साधन बनाने में मदद करने के लिए 24/7 और वर्ष के 365 दिन काम करते हैं, का सम्मान करना

20 अक्टूबर 2012 को अंतर्राष्ट्रीय वायु यातायात नियंत्रक दिवस की शुरुआत की गई

Q. 2: विश्व सांख्यिकी दिवस कब मनाया जाता है? When is World Statistics Day celebrated?

a. 15 अक्टूबर
b. 18 अक्टूबर
c. 20 अक्टूबर
d. 22 अक्टूबर

Answer: c. 20 अक्टूबर

20 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग (United Nations Statistical Commission) के मार्गदर्शन में विश्व सांख्यिकी दिवस (World Statistics Day) मनाया जाता है

यह दिवस हर पांच साल में मनाया जाता है। (पहली बार – 2005 में)

भारत 29 जून को प्रोफेसर और वैज्ञानिक प्रशांत चंद्र महालनोबिस के कार्यों और योगदान के सम्मान में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाता है।

Q. 3: हाल ही में अल्माटी ओपन 2024 एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल खिताब किसने जीता? Recently, who won the men's doubles title at the Almaty Open 2024 ATP 250 tennis tournament?

a. युकी भांबरी और रोहन बोपन्ना
b. अर्जुन काधे और ऋत्विक बोलिपल्ली
c. सुमित नागल और साकेत माइनेनी
d. दिविज शरण और जीवन नेदुनचेझियन

Answer: b. अर्जुन काधे और ऋत्विक बोलिपल्ली

हाल ही में भारत के अर्जुन काधे और ऋत्विक बोल्लीपल्ली ने अल्माटी ओपन 2024 एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट (Almaty Open 2024 ATP 250 tennis tournament) में पुरुष युगल खिताब (Men's doubles title) जीता

इस टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन कजाकिस्तान (Kazakhstan) में किया गया

Q. 4: हाल ही में भारतीय नौसेना ने किसके साथ समुद्री अभ्यास नसीम-अल-बहर में भाग लिया? Recently, Indian Navy participated in the maritime exercise Naseem-Al-Bahr with whom?

a. सऊदी अरब
b. ईरान
c. ओमान
d. कुवैत

Answer: c. ओमान

हाल ही में भारतीय नौसेना (INDIAN NAVY) ने रॉयल नेवी ऑफ ओमान के साथ भारत-ओमान द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास नसीम-अल-बहर (Indo-Oman bilateral naval exercise Naseem-Al-Bahr) में भाग लिया।

इस अभ्यास का आयोजन गोवा के तट पर किया गया

भारतीय नौसेना की ओर से INS त्रिकंद और समुद्री गश्ती विमान डोर्नियर (INS Trikand and Maritime Patrol Aircraft Dornier) ने समुद्री अभ्यास में हिस्सा लिया

राजधानी - मस्कट

मुद्रा - रियाल

Q. 5: हाल ही में दूसरे अंतरराष्ट्रीय मेथनॉल सेमिनार और एक्सपो 2024 का आयोजन कहाँ किया गया? Recently, where was the Second International Methanol Seminar and Expo 2024 organized?

a. मुंबई
b. नई दिल्ली
c. बेंगलुरु
d. कोलकाता



Answer: b. नई दिल्ली

हाल ही में 17-18 अक्टूबर 2024 को नई दिल्ली में नीति आयोग (NITI Aayog) के दो दिवसीय दूसरे अंतरराष्ट्रीय मेथनॉल सेमिनार और एक्सपो 2024 (Second International Methanol Seminar and Expo 2024) का आयोजन किया गया

उद्देश्य: विश्व ऊर्जा परिवर्तन में मेथनॉल की भूमिका पर प्रकाश डालना

Q. 6: हाल ही में 2024 मानवतावादी पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया? Recently, who was awarded the 2024 Humanitarian Award?

a. दलाई लामा

b. मोहनजी

c. कैलाश सत्यार्थी

d. रतन टाटा

Answer: b. मोहनजी

हाल ही में वैश्विक कल्याण और सामाजिक न्याय (Global welfare and social justice) में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रसिद्ध मानवतावादी और आध्यात्मिक नेता मोहनजी को 2024 मानवतावादी पुरस्कार (2024 Humanitarian Award) से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान मानवीय प्रयासों (humanitarian efforts) के प्रति उत्कृष्ट प्रतिबद्धता (outstanding commitment) के लिए दिया जाता है

Q. 7: हाल ही में विश्व आयोडीन अल्पता दिवस 2024 कब मनाया गया? Recently, when was World Iodine Deficiency Day 2024 celebrated?

a. 15 अक्टूबर

b. 20 अक्टूबर

c. 21 अक्टूबर

d. 19 अक्टूबर

Answer: c. 21 अक्टूबर

प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को विश्व आयोडीन अल्पता दिवस (World Iodine Deficiency Day) या वैश्विक आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस (Global Iodine Deficiency Disorders Prevention Day) मनाया जाता है।

उद्देश्य: अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में आयोडीन की आवश्यक भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना और आयोडीन की कमी से होने वाले विकारों की रोकथाम

Q. 8: क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) - उड़ान की शुरुआत कब की गई थी? When was the Regional Connectivity Scheme (RCS) - Udaan launched?

a. 15 अगस्त, 2015

b. 21 अक्टूबर, 2016

c. 1 जनवरी, 2017

d. 30 मार्च, 2018

Answer: b. 21 अक्टूबर, 2016

नागर विमानन मंत्रालय (Ministry of Civil Aviation) की क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़ान (Regional Connectivity Scheme (RCS) - UDAN), या "उड़े देश का आम नागरिक" की शुरुआत 21 अक्टूबर, 2016 को 10 वर्षों के लिए की गई थी

इस योजना ने हाल ही में आठ साल पूरे किये है.

उद्देश्य: भारत में ऐसे स्थानों, जहां हवाई सेवा नहीं है और कम सेवा वाले हवाई अड्डों से क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाना, जिससे आम लोगों के लिए हवाई यात्रा सस्ती हो सके

पहली उड़ान 27 अप्रैल, 2017 को शिमला से दिल्ली के लिए शुरू हुई।

लक्ष्य: 2047 तक चालू हवाई अड्डों की संख्या को बढ़ाकर 350-400 तक करना

Q. 9: हाल ही में इंडोनेशिया के आठवें राष्ट्रपति कौन बने हैं? Who has recently become the eighth President of Indonesia?

a. जोको विडोडो

b. प्राबोवो सुबियांतो

c. मेगावती सुकर्णोपुत्री

d. सुसिलो बंबांग युधोयो

Answer: b. प्राबोवो सुबियांतो

हाल ही में प्राबोवो सुबियांतो (Prabowo Subianto) विश्व के तीसरे सबसे बड़े लोकतंत्र इंडोनेशिया (Indonesia) के आठवें राष्ट्रपति बने हैं

Q. 10: हाल ही में बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान को 'दाना' नाम किस देश ने दिया है? Which country has recently named the cyclonic storm formed in the Bay of Bengal as 'Dana'?

a. भारत

b. बांग्लादेश

c. सऊदी अरब

d. मालदीव

Answer: c. सऊदी अरब

हाल ही में बंगाल की खाड़ी (Bay of Bengal) में बने उष्णकटिबंधीय चक्रवाती (Tropical cyclonic)



तूफान को सऊदी अरब (Saudi Arabia) ने "दाना" (Dana) नाम दिया है

'दाना' नाम अरबी भाषा से लिया गया है जिसका अर्थ 'उदारता' या 'उपहार' है।

Q. 11: हाल ही में माँ महामाया हवाई अड्डे का उद्घाटन कहाँ किया गया है? Recently, where has Maa Mahamaya Airport been inaugurated?

a. उत्तर प्रदेश

b. छत्तीसगढ़

c. मध्य प्रदेश

d. बिहार

Answer: b. छत्तीसगढ़

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में मां महामाया एयरपोर्ट (Maa Mahamaya Airport) का उद्घाटन किया है

यह छत्तीसगढ़ के आदिवासी समुदायों (tribal communities) और सुदूर क्षेत्रों (remote areas) को विकास की मुख्यधारा में जोड़ेगा

इसका निर्माण क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना - उड़ान (Regional Connectivity Scheme (RCS) - UDAN) के अंतर्गत किया गया है

Q. 12: हाल ही में 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर कौन बनीं हैं? Recently, who has become the first Indian female footballer to play 100 international matches?

a. आशालता देवी

b. संजू यादव

c. न्गांगोम बाला देवी

d. अंजू तांबे

Answer: a. आशालता देवी

हाल ही में कैप्टन आशालता देवी 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बनीं हैं

यह रिकॉर्ड उन्होंने SAFF महिला चैंपियनशिप 2024 (SAFF Women's Championship 2024) में भारत पाकिस्तान मैच के दौरान बनाया है

Q. 13: हाल ही में 50 अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर कौन बनीं हैं? Recently, who became the first Indian female footballer to score 50 international goals?

a. आशालता देवी b. संजू यादव

c. न्गांगोम बाला देवी d. अंजू तांबे

Answer: c. न्गांगोम बाला देवी

हाल ही में भारतीय महिला फुटबॉलर नगांगोम बाला देवी (Ngangom Bala Devi) 50 अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बन गई हैं

उन्होंने अपना 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल SAFF महिला चैंपियनशिप 2024 (SAFF Women's Championship 2024) में भारत पाकिस्तान मैच के दौरान किया

Q. 14: अनुसंधान और नवाचार के लिए IIT मद्रास अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय केंद्र कहाँ शुरू करेगा? Where will IIT Madras start its first international centre for research and innovation?

a. सिंगापुर

b. लंदन

c. दुबई

d. टोक्यो

Answer: c. दुबई

IIT मद्रास 2025 की शुरुआत में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता (Research, Innovation, And Entrepreneurship) के लिए अपना पहला अंतरराष्ट्रीय प्रमुख केंद्र (International Flagship Centre) शुरू करेगा

Q. 15: हाल ही में महिला टी-20 क्रिकेट विश्व कप 2024 किसने जीता? Recently, who won the Women's T20 Cricket World Cup 2024?

a. ऑस्ट्रेलिया

b. दक्षिण अफ्रीका

c. न्यूजीलैंड

d. भारत

Answer: c. न्यूजीलैंड

हाल ही में न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार महिला टी-20 विश्व कप 2024 (Women's T20 World Cup 2024) जीता

प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट - अमेलिया केर (न्यूजीलैंड)

Player of the Match and Player of the Tournament - Amelia Kerr (New Zealand)

इस मुकाबले के दौरान न्यूजीलैंड की खिलाडी सूजी बेट्स (334 मैच (Suzy Bates) सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मुकाबले (International Matches) खेलने वाली खिलाड़ी बन गई हैं।

उन्होंने मिताली राज (333 मैच) का रिकॉर्ड तोड़ा है।



सूजी बेट्स महिला टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन (1,216 रन) बनाने वाली बल्लेबाज भी हैं

महिला टी-20 विश्व कप 2024 का आयोजन दुबई में किया गया

Q. 16: हाल ही में, 'खादी: आजादी का वस्त्र, फैशन की भाषा' थीम पर आधारित खादी प्रदर्शनी का शुभारंभ कहाँ किया गया है? Recently, where has the Khadi exhibition been launched based on the theme 'Khadi: The Fabric of Freedom, The Language of Fashion'?

a. मुंबई

b. नई दिल्ली

c. चेन्नई

d. कोलकाता

Answer: b. नई दिल्ली

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (Khadi and Village Industries Commission - KVIC) अध्यक्ष मनोज कुमार ने नई दिल्ली में 'खादी: आजादी का वस्त्र, फैशन की भाषा' (Khadi: The Fabric of Freedom, The Language of Fashion) थीम पर आधारित खादी प्रदर्शनी (Khadi Exhibition) का शुभारंभ किया

Q. 17: हाल ही में भारत-तुर्की मैत्री संघ की शुरुआत कहाँ की गई? Recently, where was the India-Turkey Friendship Association launched?

a. नई दिल्ली

b. हैदराबाद

c. मुंबई

d. बेंगलुरु

Answer: b. हैदराबाद

हाल ही में 16 अक्टूबर, 2024 को भारत और तुर्की के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए हैदराबाद में भारत-तुर्की मैत्री संघ (Indo-Turkiye Friendship Association (ITFA)) का गठन किया गया

उद्देश्य: भारत और तुर्की के बीच अर्थव्यवस्था और व्यापार (Economy And Trade), संस्कृति और पर्यटन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी (Science And Technology) तथा शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना

आज का सवाल

Q. बुगुरुम्बा कहाँ का लोकनृत्य है?

For pdf,

Join telegram Channel

rwacurrentaffairs